तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 23 मार्च 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



4 मल्टीपरपज स्कूल में आज से प्रारम्भ होगा बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन









## खबर संक्षेप

### भाजपा ओबीसी मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन आज

**अम्बिकापुर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन शनिवार को कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक राजेश अग्रवाल, प्रबोध मिंज एवं राम कुमार टोप्पो के आतिथ्य में पीजी कॉलेज के आडिटोरियम में सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि सम्मेलन में भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ओबीसी के समाज प्रमुख शामिल होंगे।

### ग्रीष्मकालीन विशेष कोचिंग उत्कर्ष कक्षाएं 1 अप्रैल से

**अंबिकापुर।** कलेक्टर विलास भोस्कर के निर्देश और मार्गदर्शन में जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष कोचिंग उत्कर्ष क्लासेस शुरू की जा रही हैं। आगामी शिक्षा सत्र 2024-25 के लिये अध्ययनरत कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों हेतु गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं 12वीं के विद्यार्थियों हेतु गणित व जीवन विज्ञान संकाय में 1 अप्रैल से 15 जून तक विशेष कक्षाओं के संचालन हेतु कार्य योजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने हेतु विशेष क्लास का आयोजन एवं संचालन किया जायेगा। इसके लिए जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में से चयनित 35 विद्यालयों में उत्कर्ष कक्षाएं लगेंगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कोचिंग की अवधि 1 अप्रैल से 15 जून तक होगी। उन्होंने बताया कि कोचिंग सुबह 8 बजे से 11 बजे तक हर सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक संचालित होगी जिसमें सोमवार से गुरुवार तक कक्षाओं का संचालन होगा और हर शुक्रवार को साप्ताहिक मूल्यांकन होगा। गौरतलब है कि उत्कर्ष क्लास संचालन हेतु कुल 35 विद्यालयों की सूची प्राप्त है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** ड्यूटी जा रहे बाइक सवार को ग्राम केशवपुर नाला के समीप पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ी खुर्द निवासी महेन्द्र लकड़ा पीएचई विभाग में काम करता है। सोमवार को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 9817 से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में पीएचई विभाग में काम करने वाले ग्राम पर्री निवासी सचिन व अजय के मिलने पर दोनो को बाइक पर बैठा कर आफिस जाने लगे। जैसे ही बाइक सवार केशवपुर नाला के समीप पहुंचे तभी पीछे से बालू लोड कर आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 8392 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीनों युवक घायल हो गए। परिजन ने घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार जारी। घटना की रिपोर्ट घायल महेन्द्र के जीजा बीर साय ने मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।



रमज़ान मुबारक

बारहवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.13 बजे

कल की सेहरी - 4.33 बजे

## फिर से शुरू हुई गंभीर बीमारियों के जांच की सुविधा

# 48 लाख रुपए की लागत से खरीदे गए हमर लैब के लिए रिजेंट केमिकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हमर लैब में एक बार फिर से मरीजों के लिए सभी प्रकार के जांच की सुविधा शुरू हो गई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा 48 लाख रुपए की लागत से रिजेंट केमिकल की खरीदी की गई है। सीजीएमएससी द्वारा री एजेंट उपलब्ध कराने से हाथ खड़े किए जाने के बाद प्रबंधन द्वारा सीधे इनकी खरीदी की गई है और अब गंभीर बीमारियों से जुड़े जांच संभव हो पाएंगे। बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में मरीजों की सुविधा के साथ ही उन्हें निःशुल्क व सस्ता जांच से उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्वती सरकार द्वारा हमर लैब की स्थापना की गई थी। 1.25 करोड़ रुपए की लागत से इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी (हमर लैब) का निर्माण कराया गया। अमेरिका की अटलांटा में संचालित संस्था सेंटर ऑफ डिजीज कंट्रोल (सीडीसी) की दिल्ली टीम के विशेषज्ञों की निगरानी में इस लैब की स्थापना की गई और इस लैब का लोगों को अच्छा प्रतिसाद भी मिला लेकिन विगत चार पांच महीनों से हमर लैब में जांच की सुविधाएं प्रभावित हो गई थी। अस्पताल में जांच से जुड़े रिजेंट केमिकल नहीं होने के कारण मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अस्पताल में रिजेंट केमिकल नही होने से हृदय, लीवर, किडनी, शुगर सहित कई गंभीर बीमारियों के जांच प्रभावित हो गए थे। ऐसे में मरीजों को जांच कराने के लिए भटकना पड़ रहा था व मजबूरी में निजी अस्पताल व क्लिनिक में जाकर जांच करानी पड़ रही थी। पिछले दिनों अस्पताल के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंची कांग्रेस की जांच कमेटी ने भी इस समस्या को उजागर करने के साथ ही रिजेंट केमिकल की व्यवस्था करने की बात कही थी। जिसके बाद से अस्पताल प्रबंधन द्वारा केमिकल की खरीदी के लिए प्रयास किए जा रहे थे लेकिन लम्बे इंतजार के के बाद अब केमिकल की खरीदी पूर्ण हो पाई है।

**खास बात**

- 5 माह से नहीं थे केमिकल




मेडिकल कॉलेज अस्पताल का हमर लैब।

### ये प्रमुख व महंगे जांच भी उपलब्ध

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के हमर लैब में मरीजों के लिए कई गंभीर बीमारियों की जांच सुविधाएं उपलब्ध है। इन जांच के लिए मरीज के परिजन को मोटी रकम खर्च करनी पड़ती है निःशुल्क भी जांच सुविधाएं उपलब्ध है। अस्पताल में हृदय रोग के लिए सीपीके, सीपीकेएमबी-ट्रॉप आई, बीएनपी, शुगर (डायबिटीज) के लिए ब्लड शुगर, एचबी, लीवर की बीमारी की जांच के लिए लिवर फंक्शन टेस्ट के अंतर्गत टोटल प्रोटीन, एल्बुमिन, बिलरुबिन, पैंक्रियास संबंधी बीमारी, सिकल सेल, किडनी फंक्शन टेस्ट के तहत ब्लड यूरिया, यूरिक एसिड सहित अन्य जांच व कैल्शियम टेस्ट सहित अन्य महत्वपूर्ण जांच की सुविधा उपलब्ध है।

### 120 से अधिक जांच सुविधाएं

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत अधोसंरचना मिशन के तहत मिले इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी को ही प्रदेश व सरगुजा में हमर लैब का रूप दिया गया है। हमर लैब में जिसमें मरीजों का एक स्थान पर सैम्पल कलेक्शन करने के बाद पूर्ण रूप से आधुनिक मशीनों से जांच की व दो घंटे में रिपोर्ट उपलब्ध कराने की सुविधा है। हमर लैब में सीरोलॉजी, वायरोलॉजी, बायो केमेस्ट्री सहित 170 प्रकार की जांच की योजना थी लेकिन वर्तमान में 120 प्रकार की जांच ही अस्पताल में उपलब्ध हो पाई है। इनमें से भी ज्यादातर जांच रिजेंट नहीं होने के कारण बंद हो गए थे लेकिन अब फिर से मरीजों को जांच की सुविधा मिल पा रही है।

#### सीजीएमएससी नहीं करा पाया उपलब्ध

बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज में गंभीर बीमारियों की जांच लिए रिजेंट खत्म होने पर पूरी तरह से जांच सुविधाएं ठप हो गई थी। जांच के लिए रिजेंट केमिकल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी की थी लेकिन छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन कॉलेज प्रबंधन को रिजेंट उपलब्ध नहीं करा पाया जिसके बाद कॉलेज प्रबंधन द्वारा अपने स्तर पर 48 लाख रुपए के केमिकल की खरीदी की गई। खरीदी के लिए कॉलेज प्रबंधन ने एनओसी लेकर प्रक्रिया को पूर्ण किया।

### की गई है केमिकल की खरीदी

हमर लैब में जांच की सुविधाएं फिर से शुरू हो गई है। 48 लाख रुपए की लागत से जरूरी केमिकल की खरीदी की गई है ताकि अस्पताल में गुणवत्तापूर्ण जांच मिल सके और मरीजों के उपचार, ऑपरेशन में किसी प्रकार की समस्या ना आए।

-डॉ. आर मूर्ति, अधिष्ठाता

आरएसडीकेएस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए एप बदलते ही स्वास्थ्यकर्मी हुआ ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले के तेलगंवा उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्वास्थ्यकर्मी से ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 31 लाख 38 हजार रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। ठगी के शिकार स्वास्थ्यकर्मी द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई है जिसके बाद भटगांव पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। स्वास्थ्यकर्मी ने ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में अपना एप बदला और ठगी का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के भटगांव थाना अंतर्गत बैजनाथपुर निवासी 34 वर्षीय नगीना कुमार गुप्ता आ.रंग महल गुप्ता तेलगंवा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ है। स्वास्थ्यकर्मी द्वारा मई 2023 से अपने ग्रो डिमैट अकाउंट से स्टॉक ट्रेडिंग कर रहा था। इसी बीच उसके फेसबुक पर टाईटन ग्रुप के वाट्स-एप नंबर 7446598508, 7383041663 से केकेआरएमएफ नामक संस्था द्वारा भेजे गए लिंक द्वारा एप से जुडने की जानकारी दी गई। उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए एप को डाउनलोड कर उनके संस्था केकेआरएमएफ में इंस्टीट्यूशनल ट्रेडिंग एकाउंट खोलकर ट्रेडिंग करने के लिए कहा गया। स्वास्थ्यकर्मी नगीना कुमार गुप्ता से स्टॉक ट्रेडिंग के लिए 20 प्रतिशत संस्था केकेआरएमएफ को देने का एक वर्ष का अनुबंध कराया गया। अनुबंध के बाद उनके बताए मनीष ट्रेडर्स राजस्थान अजमेर, अन्नासागर के खाते में 29 दिसंबर 2023 से 17 जनवरी 2024 के बीच कुल 20 लाख 50 हजार रुपए, 1 से 5 जनवरी के मध्य अलग-अलग ट्रांजेक्शन द्वारा इंडस बैंक टामगाल कार्पोरेशन प्राईवेट लिमिटेड के खाते में 6 लाख रुपए तथा 29 जनवरी एवं 1 फरवरी को दिर्बादेवी इंटरप्राईजेज मुंबई महाराष्ट्र के खाते में चार लाख 88 हजार रुपये ट्रांसफर किया।

- युवक से 31 लाख 38 हजार रुपए की ठगी, अपराध दर्ज

### राशि नहीं निकली तो हुआ ठगी का एहसास

नगीना कुमार गुप्ता ने शिकायत में बताया कि उसके तीन खातों में कुल 31 लाख 38 हजार रुपए जमा किया था और लगातार ऑनलाइन ट्रेडिंग कर रहा था। केकेआरएमएफ एप पर उसे 28 लाख 58 हजार रुपए के लाभ सहित कुल 59 लाख 96 हजार रुपए जमा दिखाई दे रहा था। जब उसने 1 फरवरी को अपना पैसा विड्राल करना चाहा तब उसे एक रुपए भी विड्राल नहीं हुआ। राशि दिखाई देने के बाद भी आहरित नहीं होने पर स्वास्थ्यकर्मी को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। ठगी के शिकार युवक ने मामले की शिकायत भटगांव पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस ने नगीना कुमार गुप्ता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आधा दर्जन मोबाइल नंबर के धारकों एवं बैंक खाता धारकों के खिलाफ धारा 420, 34 का अपराध दर्ज किया है।

# संभागीय उड़नदस्ता ने 100 पाव अंग्रेजी शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली व लोक सभा चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त आबकारी विजय सेन शर्मा के दिशा निर्देश पर आबकारी संभागीय उड़न दस्ता टीम के सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई कर रही है। क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम रेवापुर निवासी चंद्रशेखर सिंह अपने घर में भारी मात्रा में मध्य प्रदेश का अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम ने चंद्रशेखर सिंह के घर दबिश देकर घर की तलाशी ली तो उसके घर से दो पेटी में मध्य प्रदेश राज्य की 100 पाव अंग्रेजी शराब बरामद किया। टीम ने अंग्रेजी शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2)36 एवं 59 (क) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, रामाधार कुशवाहा, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी एवं ममता उपस्थित रहे। इस संबंध में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया की उड़नदस्ता टीम द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकडे गए 29 लोग

सरगुजा पुलिस ने जिले में सार्वजनिक स्थान पर खुलेआम शराब पीने के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस की अलग अलग टीमों ने जांच के दौरान शहर से 27 प्रकरण में 29 आरोपियों को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के आरोप में पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बता दें कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी विजय अग्रवाल द्वारा शहर व जिले में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। एसपी के निर्देश पर सरगुजा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत शहर में कार्रवाई की गई। इस दौरान जिले के गांधीनगर थाना पुलिस द्वारा 13, मणीपुर व कोतवाली थाना द्वारा 4-4, उदयपुर पुलिस द्वारा 3, धौरपुर पुलिस द्वारा 2 व सीतापुर पुलिस द्वारा 1 मामले में कार्रवाई कर 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 36(च), 36(च)(1) एवं 36(क) के तहत कार्रवाई की है।



**रकम दो गुना करने के नाम पर ठगी का मामला**

# ठगी के मामले में फरार तीसरा आरोपी गिरफ्तार, दो पूर्व में जा चुकें है जेल

**अंबिकापुर।** रकम दो गुना करने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में पुलिस द्वारा पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मणीपुर थाना अंतर्गत मेंड्राकला निवासी संजय दास व उसके मामला के लड़के मनु दास मुलाकात कवर्धा निवासी नारायण साहू, सुरेश सिन्हा एवं योगदत्त साहू से हुई थी। इस दौरान उन्होंने संजय दास व मनु दास को आरोपियों ने बताया कि उनकी ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एक्सपर्ट एफेक्स में निवेश करने पर डेढ़ वर्षों में रकम दो गुना करके दिया जाएगा। ठगों ने झांसे में आकर संजय दास व मनु दास ने 8 व 17 नवंबर 2022 को नगद व फोन पे के माध्यम से 1 लाख 65 हजार रुपए दिए थे। रुपए लेने के बाद कंपनी के लोगों से उनका संपर्क नहीं हो पाया और जब उन्होंने पैसे वापस मांगे तो आरोपी उन्हें झूठे आश्वासन देने लगा। ऐसे में ठगी का एहसास होने पर 11 मार्च को संजय दास ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले में धारा 420, 34 के अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस द्वारा घेराबंदी कर जिला कवर्धा पिपरिया के ग्राम रमेली निवासी 26 वर्षीय नारायण साहू व नवघटा निवासी 42 वर्षीय योग दत्त साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था इसके साथ ही तीसरे आरोपी की तलाश जारी थी। पुलिस द्वारा मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रायपुर सेमरिया अंबेडकर चौक नरदहा निवासी 42 वर्षीय सुरेश कुमार सिन्हा को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है।



### दुकान में चोरों को धावा, काउंटर से पार किया 50 हजार रुपए

**अम्बिकापुर।** नवापारा ग्रामीण बैंक समीप निवासी ऋषिपात अग्रवाल नवापारा में ही हार्डवेयर दुकान का संचालन करता है। 16 मार्च की रात दुकान बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो दिखा दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ है। दुकान संचालक अंदर गया तो उसके होश उड़ गए। दुकान का काउंटर खुला व काउंटर में रखे नगद 50 हजार रुपए गायब थे। संचालक ने आसपास पता किया परंतु चोरों के संबंध में कुछ पता नहीं चला। संचालक ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# पलटा क्लिंकर लोड ट्रेलर, चालक-क्लीनर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

एनएच 343 पर तेज रफ्तार क्लिंकर लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ट्रेलर चालक व क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रेलर चालक बिहार के गया अंतर्गत कर्मडीह निवासी 30 वर्षीय मुन्ना सिंह व परिचालक गया महापुर निवासी 32 वर्षीय बबन यादव के साथ क्लिंकर लेकर अंबिकापुर से औरंगाबाद जा रहा था। इस दौरान आज सुबह एनएच 343 पर नगर से दो किमी दूर सरनापारा गेउर नदी के मोड़ पर चालक ने ट्रेलर से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार क्लिंकर लोड ट्रेलर सड़क पर पलट गया। ट्रेलर के पलटने से सड़क पर क्लिंकर का ढेर लग गया। इसके साथ ही इस घटना में चालक मुन्ना सिंह व परिचालक बबन यादव घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



## 239 प्रकरण में 1.49 लाख रुपए का समन शुल्क किया गया वसूल

# ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने पर विभाग ने लगाया 14 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। जिले में एक बार फिर ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने, तीन सवारी, मोबाइल फोन पर बात करने सहित अन्य नियमों की अवहेलना पर लगभग डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस विभाग द्वारा प्रतिदिन भारी भरकम जुर्माना वसूल करने के बाद भी लोगों की आदतों में बदलाव नहीं हो रहा है और जल्दबाजी में लोग नियम तोड़ रहे है।

बता दें कि एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर शहर में यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस व यातायात विभाग द्वारा विभिन्न चौक चौराहों पर लोगों को नियमों की जानकारी देने के साथ ही नियम तोड़ने पर जुर्माना वसूल किया जा रहा है और अब विभाग द्वारा ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम का पालन नहीं करने, सिग्नल तोड़ने पर भी सख्ती बरती जा रही है। इसी कड़ी में अभियान के तहत पुलिस द्वारा रेड सिग्नल जम्प, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर कुल 7 प्रकरण में 14 हजार रुपए का समन वसूल किया गया है। तीन सवारी वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 2 प्रकरण दर्ज कर 1000 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले कुल 2 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर 600 रुपए का जुर्माना लगाया गया है एवं विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 228 प्रकरण दर्ज कर कुल 1 लाख 33 हजार 750 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया है। यातायात सुरक्षा अभियान के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले कुल 239 वाहन चालकों पर 1 लाख 49 हजार 350 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है।



कार्रवाई करते यातायातकर्मी।

### त्योहारों के मद्देनजर होटलों से लिए गए मिठाइयों के सैम्पल, जांच के लिए भेजे गए नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए नकली खोवा तथा गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री बढ़ने की आशंका रहती है जिसमें सीमावर्ती राज्यों से मिलावटी खोवा, मावा कुन्दा इत्यादि खाद्य के आपूर्ति होती है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।

इसी क्रम में कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में और खाद्य एवं औषधि प्रशासन नियंत्रक के निर्देशानुसार जिला सरगुजा के समस्त मिठाई दुकानों का सतत एवं सघन निरीक्षण किया जा रहा है। मिलावट की आशंका के मद्देनजर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरआर देवांगन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रशान्त कुमार तिवारी तथा टीम द्वारा घड़ी चौक के पास स्थित मेसर्स पंचशील स्वीट्स एवं रिंग रोड के पास स्थित मेसर्स दो भाई मिठाई वाले से रसगुल्ला, मेसर्स शिवम स्वीट्स से बेसन लड्डु, मेसर्स कार्तिक होटल से बालू शाही, अंकूर फ्लोर मिल से आटा, मेसर्स संतोष होटल से बेसन लड्डू, मेसर्स रॉय स्वीट्स से पेड़ा का नमूना लेकर परीक्षण एवं विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाडी रायपुर भेजा गया है। राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर से परीक्षण एवं विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन से अन्य मिष्ठान प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच की जा रही है।

22 March -Jash Bhoomi pg2_Layout 1 3/22/2024 7:24 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' का ट्रेलर जारी, दिखे ब्लैक पैंथर-कैप्टन अमेरिका



अवॉर्ड विनिंग लेखक-निर्देशक एमी हेनिग अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं। मार्वल गेम्स ने बीते दिन अपने आगामी कथा-संचालित एक्शन-एडवेंचर गेम 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' पर नए विवरण साझा किए। मार्वल ने नया ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें फैंस को गेम की एक झलक देखने को मिलती है। यह खिलाड़ियों को खेल के विभिन्न बिंदुओं पर खेलने योग्य चार नायकों के समूह के साथ द्वितीय विश्व युद्ध के साहसिक कार्य पर ले जाता है। ट्रेलर से साफ हो रहा है कि जैसे ही खेल की कहानी सामने आएगी, खिलाड़ी चार मुख्य किरदारों की भूमिका निभाएंगे। इनमें एक युवा स्टीव रोजर्स उर्फ कैप्टन अमेरिका, अज्जुरी, टी'चल्ला के दादा और द्वितीय विश्व युद्ध युग के ब्लैक पैंथर, गेब्रियल जोन्स, एक अमेरिकी सैनिक और हॉलिंग कमांडो के सदस्य, और नानाली, एक वकंदन जासूस जो अधिकृत पेरिस में छिपा हुआ है। 'मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा' में कैप्टन अमेरिका और ब्लैक पैंथर सहित खेलने योग्य किरदारों का एक समूह है। इसे कथा-संचालित एक्शन-एडवेंचर गेम के रूप में वर्णित किया गया है। नई कहानी का ट्रेलर 20 मार्च, 2024 को एपिक गेम्स के स्टेट ऑफ अनरियल मुख्य वक्ता के रूप में सामने आया, जहां स्काईडांस न्यू मीडिया और एपिक गेम्स ने मार्वल 1943: राइज ऑफ हाइड्रा में अत्याधुनिक दृश्य लाने के लिए अपने चल रहे सहयोग की घोषणा की।

### टालीवुड

## 'यह चुनाव का समय है, मुझे सांस लेने में भी डर लगता है' : रजनीकांत



सियासत से मनोरंजन जगत की हस्तियों का ताल्लुक बहुत ही पुराना है, जिन्हें लगता है कि उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन बखूबी किया है। वह आगे चलकर राजनीति का हिस्सा बन जाते हैं। अब देश में जहां एक ओर 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है, वहीं चेन्नई में सुपरस्टार रजनीकांत ने मजाक-मजाक में कुछ ऐसा कहा है, जिसे फैंस चुनावी माहौल में सितारों के लिए बड़ी नसीहत मान रहे हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। हाल ही में, रजनीकांत ने तमिलनाडु के चेन्नई में एक लोकप्रिय अस्पताल की शाखा के उद्घाटन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए थलाइवा ने साझा किया कि वह ज्यादा नहीं बोलना चाहते क्योंकि यह चुनाव का समय है और उन्हें सांस लेने में भी डर लग रहा है। अभिनेता का कहना है कि चुनाव के माहौल को देखते हुए उन्हें मुंह खोलने से भी डर लग रहा है। रजनीकांत ने कहा, "मैं बिल्कुल भी बोलना नहीं चाहता था, लेकिन मुझसे कुछ शब्द कहने के लिए कहा गया। मैंने पूछा कि क्या कार्यक्रम में कई मीडिया हाउस होंगे। उन्होंने कहा कि कुछ ही होंगे। अब इन सभी कैमरों को देखकर मुझे डर लग रहा है। यह चुनाव का समय भी है। मुझे सांस भी लेने में डर लगता है।" अभिनेता की बात सुनकर वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगे थे। अपने भाषण के दौरान रजनीकांत ने कहा, "पहले, जब पूछा जाता था कि कावेरी अस्पताल कहां है, तो लोग कहते थे कि यह कमल हासन के घर के पास है। अब जब पूछा गया कि कमल का घर कहां है तो लोग कहते हैं कि कावेरी अस्पताल के पास है। मीडिया के लोगों से गुजारिश है कि ये सिर्फ सामान्य बातें हैं। यह मत लिखिएगा कि रजनीकांत ने कमल हासन पर कोई तंज किया है।₹ अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म 'वेट्टैयान' पर भी अपडेट साझा किया और कहा, "फिलहाल शूटिंग शानदार चल रही है। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा पूरी शूटिंग पूरी होने के बाद ही की जाएगी।

### भोजपुरी

## अश्लील गाने बनाने वालों पर भड़कीं लोक गायिका नेहा सिंह



लोक गायिका नेहा सिंह राठौर अक्सर अपने गीतों और बयानों को लेकर चर्चा में रहती हैं। वे अक्सर भोजपुरी सिनेमा इंडस्ट्री में अश्लील गीत गाने वाले गायकों की आलोचना करती हैं और पुराने लोकगीत, भोजपुरी संस्कृति का प्रचार-प्रसार करती हैं। अक्सर उनके गीत वायरल होते हैं और वे अपने गीतों के माध्यम से राजनेताओं पर भी निशाना साधती रहती हैं। वहीं नेहा सिंह ने एक बार फिर भोजपुरी गीतों को गाने के बारे में बात करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य भोजपुरी गीतों और भाषा को बचाना है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी को बचने के लिए उनका आंदोलन तीन से चार साल से चल रहा है, जिसमें वे अकेली संघर्ष कर रही हैं। इस बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा, 'मैंने तीन-चार साल पहले भोजपुरी बचाओ आंदोलन शुरू किया था। इसके तहत भोजपुरी को संरक्षित करने के लिए उन गीतों की एक डायरी बना रही हूं, जो 30-40 साल पहले हमारे पूर्वजों ने गाए थे। भोजपुरी को समृद्ध बनाने के लिए मैं साफ-सुथरे गाने लिख रही हूं। आजकल अश्लील भोजपुरी गाने बजते हैं। मैंने इसके खिलाफ यह आंदोलन शुरू किया है।' इसके साथ ही उन्होंने अश्लील गीत गाने वाले गायकों के बारे में बात की। साथ ही यह मुद्दा भी उठाया कि कैसे अश्लील गीत गाने वाले लोग राजनीति और संसद में बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी लड़ाई उन लोगों के खिलाफ है, जो 'लहंगा उठा देब रिमोट से' और 'फटाफट' जैसे गाने गाकर संसद में बैठे हैं। 'खोल के देखाव'...जब ऐसे गीत गाने वाले लोगों को टिकट दिया जाता है तो लड़ाई, मेरा आंदोलन और मेरे सवाल तीखे हो जाते हैं।' नेहा सिंह राठौर ने आगे कहा, 'बीजेपी ने पवन सिंह को आसनसोल से मैदान में उतारा है, इसलिए मुझे लगता है कि बीजेपी ऐसे गायकों को बढ़ावा दे रही है।

### लाइफ स्टाइल



किम का जलवा

अमेरिकी सोशलाइट किम कार्दशियन पिछले हफ्ते पेरिस में सुरक्षा के भारी बंदोबस्त के बीच नजर आईं। फैंस उनकी एक झलक पाने के बेताब थे। पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में किम यहां महिलाओं के लिए रेडी-टू-वियर फॉल-विंटर 2024/2025 संग्रह के लिए बालेनियागा की डिजाइन को प्रदर्शित करने पहुंची थी।

## त्योहारों में जरूर रखें अपने बालों का ध्यान

जब भी कोई त्योहार आता है तो लोग खूबसूरत दिखने के तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं। स्किन केयर ट्रीटमेंट की वजह से त्वचा पर ग्लो आता है, लेकिन कई बार त्योहारों की भागदौड़ में लोग अपने बालों का ध्यान रखना तो भूल ही जाते हैं। अगर सही समय पर बालों का सही से ध्यान न रखा जाए तो ये डैमेज होने लगते हैं और इनकी खूबसूरत कम होने लगती है। इस परेशानी से बचने के लिए बहुत से लोग तो सैलून जाकर हेयर ट्रीटमेंट भी करा लेते हैं। हेयर केयर ट्रीटमेंट कराने में काफी खर्चा आता है, इसकी वजह से कई लोग घरेलू तरीकों से ही अपने बालों का ध्यान रखते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में हैं, जो घर पर ही अपने बालों का ध्यान रखते हैं, तो इस लेख में हम आपको इसके कुछ तरीके बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप अपने बालों का ध्यान रख सकें।



### न भूलें ऑयलिंग करना

त्योहारों की भागदौड़ में भी नियमित रूप से सिर की मालिश करें। इससे आपके सिर का ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और बालों की ग्रोथ भी सही से होती है।

### जरूर करें स्कैल्प को साफ

अगर आप अपनी स्कैल्प को सही से साफ नहीं करेंगे, तो इससे बाल डैमेज होने लगते हैं। इसी की वजह से हमेशा डैंड्रफ की समस्या भी सामने आती है। ऐसे में स्कैल्प को सही से साफ रखें।

### कंडिशनिंग है जरूरी

अगर चाहते हैं कि आपके बाल डाइड्रेट रहें तो बाल धोने के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल करना न भूलें। इससे बाल में नमी बरकरार रहती है।

### हेयर मास्क का करें इस्तेमाल

इसके लिए जरूरी नहीं कि आप बाजार में बने मास्क का इस्तेमाल करें। आप इसके लिए घर पर बने हेयर मास्क का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

### हेयर ब्रश रखें साफ

जिस ब्रश से आप कंघी करते हों, उसे हमेशा साफ-सुथरा रखें। अगर कंघी गंदी होगी, तो ये बालों को डैमेज कर सकती है। आप बाल कंघी करने के लिए लकड़ी का कंघा इस्तेमाल कर सकती हैं।

## गर्मियों के इस मौसम में बेस्ट है लाइट कलर के ये आउटफिट्स

गर्मियों के मौसम में कही जाने के दौरान महिलाएं ऐसे आउटफिट की तलाश में रहती हैं जिसमें वो कंफर्टेबल हो। वहीं आउटफिट ऐसा भी होना चाहिए जिसे गर्मियों के मौसम में आराम से कैरी किया जा सके और इस आउटफिट में वो स्टाइलिश और कूल भी नजर आएं। अगर आप गर्मियों के मौसम में किस तरह का आउटफिट पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से परफेक्ट ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे आउट्फ़िट्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप गर्मियों के मौसम में पहन सकती हैं और इस आउटफिट पर बेहतरीन भी नजर आएंगी।

**चेक लाइन ड्रेस:** स्टाइलिश और कूल आने के लिए आप इस तरह का चेक ए-लाइन वाली लाइट ग्रीन वाइट ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस ड्रेस आप जहां गर्मियों के मौसम में आराम से कैरी कर सकती हैं तो वहीं ये ड्रेस कंफर्टेबल भी है साथ ही इस ड्रेस में आप काफी सुन्दर भी नजर आएंगी। इस ड्रेस के साथ आप शूज या फिर हील्स पहन सकती हैं। वहीं इस तरह की ड्रेस आपको ऑनलाइन प्लेटफार्म पर आसानी से मिल जाएंगी। वहीं बाजार से भी आप इस तरह की ड्रेस खरीद सकती हैं।

फैशन



**फ्लेयर्ड ऑफस्लीव ब्लू ड्रेस:** वहीं गर्मी में पसीना ज्यादा के आने की वजह हैवी ड्रेस कैरी करना मुश्किल होता हैं। ऐसे में आप कॉलर वाली फ्लेयर्ड ऑफ स्लीव ब्लू ड्रेस चुन सकती हैं। इस तरह की ड्रेस इस मौसम में पहनने के लिए परफेक्ट ऑप्शन हो सकता हैं। इस ड्रेस के साथ फुटवियर में सैंडल या फिर हाई हील्स पहन सकती हैं ताकि आप अट्रैक्टिव नजर आएं। इस तरह की ड्रेस भी आपको ऑनलाइन मिल जाएगी। वहीं ऑफलाइन भी आप इस तरह की ड्रेस को सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

**मिडी ड्रेस:** अगर आप कुछ न्यू ट्रेंडिंग ड्रेस की तलाश में हैं तो आप इस तरह की पीच कलर की मिडी ड्रेस भी चुन सकती हैं।

## नई दुल्हन अपने पास जरूर रखें इस तरह के फुटवियर, हर लुक के साथ लगेंगे कमाल

अगर आपकी शादी भी जल्द होने वाली है, तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, हम आपको कुछ ऐसे फुटवियर के बारे में बताएंगे, जो हर नई दुल्हन के पास होना बेहद जरूरी होता है। ये सभी फुटवियर ना सिर्फ आरामदायक होते हैं, बल्कि साथ में ये हर लुक के साथ कमाल के लगते हैं।

**कोल्हापुरी चप्पल:** शादी के बाद कई तरह की रस्में होती हैं, जिसमें नई दुल्हन को शामिल होना ही पड़ता है। इसके साथ ही रिश्तेदारों के यहां भी जाना पड़ता है। ऐसे में कोल्हापुरी चप्पल आपके पास जरूर होनी चाहिए। ये काफी आरामदायक होती है। खास बात ये है, कि इसे उतारने के लिए आपको हाथ का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**मोजरी:** शादी के बाद अगर आप सूट पहनेंगी तो इसके साथ मोजरी देखने में कमाल की लगेगी। ये काफी आरामदायक भी होती हैं। ऐसे में आप इसे अपने साथ जरूर रखें। खास बात ये है मोजरी ज्यादा महंगी नहीं आती हैं तो आप एक से ज्यादा जोड़ी मोजरी अपने साथ रख सकती हैं।

**पैंसिल हील्स:** बहुत सी लड़कियों को हर आउटफिट में ग्लैमरस दिखना होता है। ऐसे में पैंसिल हील्स इसमें आपकी मदद कर सकती है।




वेस्टर्न के साथ-साथ आप इसे एथनिक के साथ भी कैरी कर सकती हैं।

**स्टिलेटोज:** अगर आपको क्लासी लुक पसंद है, तो इस तरह की स्टिलेटोज अपने कलेक्शन में शामिल जरूर करें। ये साड़ी के अलावा सूट और वेस्टर्न ड्रेस के साथ भी काफी क्लासी लुक देती है। वेजेस खरीदते वक्त देख लें कि इसमें इलास्टिक ना लगी हो, ताकि इसे पहनने और उतारने के लिए आपको हाथ की जरूरत नहीं पड़े। हील्स वाली वेजेस पहनने में भी काफी आरामदायक होती हैं।

## हेयर केयर में कंडीशनर है सबसे फेवरेट तो इससे जुड़ी जरूरी बातें समझ लीजिए

हेयर केयर का आप बहुत ध्यान रखते हैं, आप इतना ध्यान रखते हैं कि कई बार लड़कियों को भी आपके बालों की केयर देख जलन होने लगती है। लेकिन बालों की केयर के लिए आप सबसे ज्यादा क्या इस्तेमाल करते हैं? अगर आप हेयर केयर के लिए सबसे ज्यादा हेयर कंडीशनर को पसंद करते हैं तो फिर आपको हमारी इस गाइड पर एक नजर जरूर डाल लेनी चाहिए। आपको पता चल जाएगा कि कंडीशनर का इस्तेमाल कब और कितना करना है। या फिर कंडीशनर आखिर होता क्या है या ये बालों का ख्याल कैसे रखता है? आप भी कंडीशनर इस्तेमाल करते हुए इन्हीं सारे सवालों के बारे में सोचते हैं तो जवाब हम लेकर आ गए हैं। आइए जानते हैं-



### हेयर कंडीशनर होता क्या है?

हेयर कंडीशनर स्किन लोशन की तरह होता है। जैसे लोशन स्किन को मुलायम और हेल्दी बनता है, ठीक वैसे ही कंडीशनर भी बालों का ध्यान रखता है। खास बात ये है, कि ज्यादातर बार बालों के रूखा होने की वजह शैंपू ही होता है। दरअसल शैंपू के साथ बालों के नेचुरल ऑयल निकल जाते हैं।

### कंडीशनर ही क्यों?

बालों को जल्दी-जल्दी धोने से बचें। बाल में अपने नेचुरल कंडीशनर होते हैं जो बहुत धोने से कम होने लगते हैं। जब ये कंडीशनर कम हो जाता है तब हमें बाजार वाले कंडीशनर की जरूरत होती है। हां, जिन लोगों के बाल बहुत ऑयली होते हैं या जो लोग बहुत पसीने वाला कम करते हैं उन्हें बाल अक्सर धोने ही होते हैं। ऐसे में आपको खाली पानी से बालों को धो लेना चाहिए तब नेचुरल कंडीशनर इतना नहीं जाएगा।

### कंडीशनर का इस्तेमाल कैसे करें

कंडीशनर के सही असर को देखने के लिए आपको इसका इस्तेमाल भी सही तरीके से करना होगा। सबसे पहले थोड़ा कंडीशनर हाथ में लें और बालों पर लगा दें। इसको ठीक वैसे ही लगाएं जैसे आप शैंपू लगाते हैं। इस दौरान बालों पर मसाज भी जरूर करें।

### कार्नर न्यूज

### होली मनाएं सुरक्षित ढंग से, आनंद हो जाएगा दोगुना

## होली के दिन गलती से भी न पहनें ऐसे कपड़े, वरना सामने आएगी बड़ी मुसीबत

महाशिवरात्रि के बाद से लोगों के घरों में होली की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। हर साल होली का त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस साल 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा, इसके बाद अगले दिन यानी कि 25 मार्च को होली खेली जाएगी। भारत देश में ये त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। बहुत से लोग फूलों से होली खेलते हैं, तो कई लोग अपने-अपने घरों में रंग और गुलाल की होली पार्टी का आयोजन करते हैं। बहुत सी जगहों पर तो पक्के रंग से होली खेली जाती है। इन रंगों को छुड़ाना भी काफी मुश्किल होता है। पक्के रंग से होली खेलते वक्त कपड़ों का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि पक्का रंग पानी में घोलकर होली खेली जाती है।



### पुराने कपड़ों से रहें दूर

होली खेलने के लिए अगर आप ज्यादा पुराने कपड़े पहनेंगे, तो हो सकता है कि कमजोर होने की वजह से ये फट जाएं। ऐसे में आप शर्मिंदगी का शिकार हो सकते हैं। कई बार ज्यादा पुराने कपड़ों की सिलाई भी खुल जाती है। ऐसे में होली खेलने के लिए ज्यादा पुराने कपड़ों से दूरी बनाएं।

### पारदर्शी कपड़े नहीं हैं सही विकल्प

अगर आप होली पार्टी में पारदर्शी कपड़े पहनकर जाएंगे, तो पानी पड़ने के बाद ये शरीर से चिपक जाएंगे। इससे आप खुद असहज महसूस करेंगे। ऐसे में सूती कपड़े पहनकर ही होली खेलने जाएं।

### महिलाएं न पहनें साड़ी

होली पार्टी में महिलाएं साड़ी पहनकर जाने से दूर ही रहें। ऐसा करने से आपका पूरा लुक ही खराब हो सकता है। पानी पड़ने के बाद साड़ी शरीर से चिपकने लगती है, जिसके बाद आपको काफी परेशानी होगी।

### ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें

होली खेलने जा रहे हैं तो ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें। इससे भीगे हुए कपड़े आपके शरीर से चिपके रहेंगे, जिसकी वजह से शरीर पर इंफेक्शन का खतरा मंडराता रहता है।



## खबर संक्षेप

### इंजीनियरिंग के 5 छात्रों ने गेट परीक्षा में हासिल किया उत्कृष्ट रैंक

**अम्बिकापुर।** विवि इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र अमित कुमार साहू, अनुभव द्ववेदी, राहुल कुमार केशरी, निखिलेश्वर सिंह व अभिनव कुमार ने गेट की परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। परीक्षा में कॉलेज के अमित कुमार ने 250, अनुभव द्ववेदी ने 329, राहुल कुमार ने 724, निखिलेश्वर सिंह ने 1011 ऑल इंडिया रैंक प्राप्त किया है। इन छात्रों को देश के शीर्ष भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थाओं में प्रवेश मिलने की संभावना है। प्राचार्य डॉ.आरएन खरे ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

### चार दिवसीय विष्णु महायज्ञ की तैयारी शुरू 26 को निकाली जाएगी कलश यात्रा



**करवा।** ग्राम पंचायत करवा सरकारी पारा के यज्ञ शाला प्रांगण में सनातन धर्म संत समाज रामेश्वर गहिरा गुरु के प्रेरणा स्वरूप उनके अनुयायियों द्वारा चार दिवसीय सार्वजनिक विष्णु महायज्ञ का आयोजन कराया जा रहा है। संत समाज द्वारा सभी धर्म एवं सर्व समाज के भक्तों से यज्ञ में शामिल होकर पुण्य का लाभ लेने की बात कही। आयोजन समिति के अमर साय राजवाड़े ने बताया की सार्वजनिक विष्णु यज्ञ 26 मार्च को कलश यात्रा, वेदी संरचना से प्रारंभ होकर , 29 मार्च को पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण, विप्र विदाई के पश्चात कार्यक्रम संपन्न होगा। प्रतिदिन सायंकाल में पूजा अनुष्ठान पश्चात भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर सनातन धर्म संत समाज के गुरुपीटाधी स्वर संतों द्वारा प्रवचन एवं इनके दिव्यवाणी अमृत वचन के रूप में सुनने को मिलेगा ।आयोजन कर्ता समिति द्वारा यज्ञशाला प्रांगण की समुचित साफ सफाई व विद्युत व्यवस्था की तैयारी की जा रही है।

### लखनपुर थाना में होली के त्यौहार को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**लखनपुर।** थाना परिसर में होली त्यौहार में शांति समिति का बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम बी खंडे, थाना प्रभारी मनोज प्रजापति बैठक में बताया कि होली त्यौहार में डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया गया है। बाइक में तीन सवारी, शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी इसके अलावा नुकसान पहुंचाने वाले रंगों एवं मुखौटा का प्रयोग न करें। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, नगर पंचायत सीएमओ विद्यासागर चौधरी, सुनील अग्रवाल, राकेश साहू, जितेंद्र पांडे, सतनाम साहू, आमिर सोहेल, सचिन बंसल, नुसरत अली, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे, शानू खान मौजूद रहे।

### शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने की होली के दिन पानी व बिजली की मांग



**सोनगरा।** रंगों का त्योहार होली को लेकर भटगांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी राजेंद्र साहू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए तथा बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रशासन से त्योहार के मौके पर पानी व बिजली की निर्बाध आपूर्ति कराने की मांग की। थाना प्रभारी ने कहा कि होली के मौके पर शराब विवाद व हंगामा का बड़ा कारण बनता है। राजू जायसवाल व ओंकार सिंह ने बाइकर्स पर लगाम लगाने की भी मांग की। जिस पर थाना प्रभारी त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इसके अलावा बैठक में प्रशासन की ओर से त्योहार के मौके पर शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर पानी का टैंकर लगाने की भी बात कही। इस दौरान बीजू दासन, सूरज गुप्ता, शरद चंद्र द्विवेदी, अफरोज खान, मोहन प्रताप सिंह,देवेंद्र सिंह, पप्पू, उदित ठाकुर, राजू जायसवाल, सुजीत मिश्रा, शशी रंजन सिंह, विकास राजवाड़े, चंदन जायसवाल, सूरज सिंह, ओपी सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## पोड़ी-प्रतापपुर मार्ग की हालत खराब

# नाली निर्माण के लिए गड्ढा खोद ठेकेदार ने किया काम बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- सड़क पर मिट्टी के ढेर होने से बढ़ाई राहगीरों की परेशानी

ग्रामीण को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर शासन प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत सड़क के साथ पुल पुलिया का निर्माण कराई जा रही है जिसका लाभ कई ग्राम पंचायत के लोगों मिल रहा है। परंतु ग्राम पंचायत पोड़ी के ग्रामीण आज भी पक्की सड़क के लिए तरस रहे है। पोड़ी से प्रतापपुर जाने वाले मुख्य मार्ग के जर्जर तथा नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे की मिट्टी का ढेर सड़क पर होने से राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है। हाल ही में हुई बारिश के बाद सड़क के कीचड़ में तब्दील हो जाने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इधर ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण कार्य बंद कर देने से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और ग्रामीणों ने नाली निर्माण जल्द कराने की मांग की है।

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी में नाली निर्माण के लिए जेसीबी से खुदाई किए लगभग बीस दिन से अधिक हो गया परंतु आज तक काम शुरू नहीं हो सका। जेसीबी से मिट्टी निकालकर सड़क पर ढेर लगा दिया गया है। इसके अलावा सड़क पर ही नाली निर्माण के लिए बालू डंप करने से मार्ग से गुजरना दूभर हो गया है। जगह-जगह मिट्टी और बालूओ की ढेर से आए दिन बाइक व साइकिल सवार दुर्घटना के शिकार होते है। हाल ही में क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हुई बारिश के बाद सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई है। एक ओर कच्ची सड़क और दूसरी ओर मिट्टी व बालू के ढेर से सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है जिससे लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई है। वही लोगों का कहना है की जब नहीं बनाना रहता है तब ऐसे गड्ढों को खोदकर कर क्यों छोड़ दिया जाता है जिससे लोगों की जान की आफत बन जाए। ग्राम पंचायत पोड़ी में मनमानी तरीके से काम करने का खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ता है। ऐसे निर्माण कार्य से लोगों को राहत मिलने के बजाए और भी मुश्किलें बढ़ जाती है। मिट्टी के ढेर से राहगीर तो दुर्घटना ग्रस्त होते ही है वहीं नाली के लिए खोदे गए गड्ढे में मवेशियों के गिरने से घायल हो रहे है। दिन के समय तो मार्ग से लोग किसी तरह गुजर जाते है परंतु रात के समय राहगीरों के साथ मवेशियों के लिए नाली व सड़क खतरनाक साबित होता है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने जल्द से जल्द नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है।



सड़क पर मिट्टी का ढेर।

**बाईपास मार्ग है**

प्रतापपुर जाने के लिए बाईपास सड़क है जिससे कई ग्राम पंचायत के लोग इस सड़क का आवागमन के लिए उपयोग करते है। कम समय में प्रतापपुर पहुंच जाने के कारण इस मार्ग पर लोगों की भीड़ होती है। चार चक्का वाहन से लेकर बाइक, साइकिल व कुछ लोग पैदल ही आवागमन करते है। ऐसे में नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे और सड़क पर मिट्टी के ढेर ने लोगों के परेशानी बढ़ा दी है। बावजूद इसके ग्राम पंचायत पोड़ी के जिम्मेदार सरपंच, सचिव को इससे कोई वास्ता नहीं जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

**जांच करवाता हूं**

किस कारण से ठेकेदार ने नाली निर्माण के लिए गड्ढा खोद काम बंद किया है। इस संबंध में जांच करवाता हूं। जल्द ही व्यवस्था सुधार के लिए जांच टीम भेजी जाएगी।

-राधे श्याम मीरझा
जनपद सीईओ

### ननि कर्मियों को 3 महीने के लंबित वेतन का हो भुगतान

**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष बिहारी राम ने ननि आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर्मचारियों के तीन महीने के लंबित वेतन का भुगतान तत्काल करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि होली का त्यौहार सिर पर है लेकिन ननि द्वारा पिछले तीन महीने से लंबित वेतन के भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं की गई है। 23 मार्च से 25 मार्च तक शासकीय अवकाश होने के कारण कार्यालय बंद रहेगा। ऐसे में 22 मार्च तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो कर्मचारियों को भारी संकट का सामना करना पड़ेगा। समय पर वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं तथा उनमें भारी आक्रोश है।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड अंबिकापुर**
(छ.रा.वि. मं., की उत्तरदायी कम्पनी) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)

**बिजली बंद की सूचना**

अंबिकापुर (शहर) के विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33/11 के.व्ही विद्युत उपकेन्द्र महामाया में अति आवश्यक कार्य हेतु अंकित तिथि एवं समय पर विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है ।

| क्र. | दिनांक | समय | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 23.03.24 | प्रात 10.30 बजे से शाम 3.00 बजे तक | 11 के.व्ही महामाया फीडर | रसूलपुर, मोमीनपुरा, महामाया रोड इत्यादी। |
| | | | 11 के.व्ही तकिया फीडर | मायापुर, जरहागढ़, खैरबार इत्यादी । |
| | | | 11 के.व्ही फिल्टर प्लांट फीडर | नवागढ़, श्रीगढ़ घुटरापारा इत्यादी । |
| | | | 11 के.व्ही बस स्टेण्ड फीडर | हबबीनगर, मिन्नत नगर इत्यादी । |
| | | | 11 के.व्ही गहीरा गुरु फीडर | दरिमा रोड एवं आस पास के क्षेत्र । |

नोट– आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है ।
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ
"विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है"

कार्यपालन यंत्री (शहर) संभाग
छ.स्टे.पॉ. डि.क.लि., अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202403020700207/**
विषयः-अ-27 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2023-2024

पचपेडी प.ह.न.00012 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-कर्मी, मु.प्याजो, ना.बा. सोनिया, मु.बाल्की, मोनिका, ना.बा. प्रियंका, बिमला, प्रशान्त, निर्मला, मु. प्रभा, जयबाला, पिंकी, अनार, अघनसाय,
अनावेदक पक्षकार-मु. प्रभा, जयबाला, कर्मी, मु. प्याजो, मोनिका, ना.बा.प्रियंका, बिमला, मु.बाल्की, प्रशान्त, निर्मला, ना.बा. सोनिया, अनार, अघनसाय, पिंकी,

**ईश्तहार**

आवेदक प्रभा पत्नी स्व. बसंत, निवासी ग्राम पचफेडी, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम पचफेडी स्थित कुल खसरा नंबर 12 कुल रकबा 2.326 हे. भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1/3 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26.04.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/03/2024 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा छत्तीसगढ़**
लखनपुर दिनांक 19/03/2024

**ईश्तहार**

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम - रजपुरी कला
तहसील - लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका तीरथ सोनी आ.स्व.शिवचरण सोनी निवासी ग्राम रजपुरी कला तहसील लखनपुर के द्वारा अपने (पिता) स्व.शिव चरण सोनी की मृत्यु दिनांक 17/05/1995 को हो जाने से (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण/अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म मृत्यु रिज. नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण - पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 04/04/2024 को सूनवाई की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 04/04/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

नायब तहसीलदार
तहसील -लखनपुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अदिती सिंह आ. उपेन्द्र सिंह, निवासी सामरी, तहसील सामरी, जिला-बलरामपुर छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरे एलाआईसी पॉलिसी जिसका क्रमांक 378505714 है जिसमें मेरा नाम कुमारी एम. सिंह लिखा हुआ है। जबकि मेरा नाम अदिती सिंह है। उक्त दोनों नाम अदिती सिंह व एम. सिंह मेरा ही नाम है। उक्त दोनों नाम मेरा ही है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
अदिती सिंह
आ. उपेन्द्र सिंह
निवासी-सामरी, तहसील-सामरी
जिला-बलरामपुर छ.ग.

# सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने हुई शांतिपूर्ण समिति की बैठक





- अधिकारियों ने कहा आदर्श आचार संहिता का करें पालन

**उदयपुर।** जनपद सभा कक्ष में बुधवार को शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक में ब्लॉक के कर्मचारी अधिकारी, सरपंच एवं व्यापारी सहित जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान लोगों की सुझाव एवं आवश्यक पहल करने की दिशा में काम किए जाने को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर एवं एसपी के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो इसके लिए उदयपुर प्रशासनिक अधिकारी शांति के साथ होली त्यौहार मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक ली। बैठक में एसडीम ने कहा त्यौहार की आड़ में लोग प्राथमिक व सामाजिक स्तर से ईर्ष्या की भावना लेकर काम न करें। उन्होंने कहा कि किसी के बहन बेटी व महिलाओं के साथ जबरन रंग गुलाल न लगाकर प्रेम भाव व सौहार्दपूर्ण से होली की त्योहार मनाएं। तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल ने कहा आदर्श आचार संहिता लागू है और परीक्षा हो रही है ऐसे में होली के समय डीजे साउंड लगाकर बजने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राजनीतिक प्रचार प्रसार करने के साथ आम सभा करने के लिए अनुमति लेना आवश्यक है। अपने क्षेत्र आसपास किसी प्रकार घटित सांप्रदायिकता की स्थिति निर्मित होने से पूर्व इसकी सूचना तत्काल प्रशासनिक टीम को दें ताकि समय रहते रोक लगाई जा सके। बीएमओ एआर जयंत ने कहा होली के समय स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए कान, आंख में रंग लगने पर तत्काल पानी से धो लें अन्यथा अधिक समय हो जाने पर आंख खराब होने की भी संभावना होता है। थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर ने कहा कि अपने आसपास क्षेत्र में दूसरे प्रांत से आए हुए अनजान लोगों को बसाने से पूर्व उसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें हम उस अनजान व्यक्ति का मुसाफिर व फिंगरप्रिंट लेंगे। इससे किसी प्रकार अपराध दर्ज की मामला तत्काल पता चल सकेगा।

**बिश्रामपुर।** होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने हेतु गुरूवार को जयनगर थाना में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। सूरजपुर एस एस पी एमआर आहिरे के निर्देश पर गुरुवार को शांति समिति की बैठक प्रशिक्षु डीएसपी जयनगर थाना प्रभारी स्निग्धा सलामे की उपस्थिति में ली गई। बैठक में उपस्थितजन को शांति पूर्ण तरीके से आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए होली त्यौहार मनाए जाने की बात कही गई। लोगों को बताया गया कि किसी भी तरह से जबरन रंग गुलाल किसी को भी ना लगाएं। साथ ही किसी से जबरन चंदा की वसूली भी ना करें। यदि इस तरह की कोई शिकायत मिलेगी तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपस्थित जन को यह भी अवगत कराया गया कि इन दिनों देशभर में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है, इसलिए आपसी भाई चारे के साथ शांति पूर्ण तरीके से त्यौहार मनाए। कहीं पर भी किसी तरह की कोई घटना हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें और नशे की हालत में कोई भी हुड़दंग नहीं करना है। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने हेतु कलेक्टर से अनुमति ली जाए। सुखी व गुलाल से होली खेली जाए। साथ ही मुखौटे पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है, इसका उपयोग ना करें। इस दौरान उप निरीक्षक सरफराज फिरदौसी, सहायक उप निरीक्षक सोहन सिंह, रघुवंश सिंह, वरुण तिवारी, प्रधान आरक्षक अशोक साहू, आरक्षक विकास मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह नारायण सिंह, अजीत समद्दार, वेद प्रकाश मिश्र, आरती यादव व अन्य उपस्थित थे।



**चलगली।** होली त्यौहार के मद्देनजर आज थाना चलगली में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया। बैठक में नगर के बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए। थाना प्रभारी एमएल भारद्वाज ने कहा कि होली शांति ढंग से मनाएं ,कोई भी आपके प्रतिष्ठान में संदेही व्यक्ति दिखता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दे। उन्होंने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों में सीसी कैमरा लगाने की बात कही। ग्राम में सभी को शांति पूर्वक आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने तथा कोई भी व्यक्ति शराब पीकर हुड़दंग बाजी करते या अवैध शराब बिक्री करते पाया गया तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से पूर्ण सहयोग करने की बात कही है। इस दौरान थाना प्रभारी समेत पुलिस थाना के समस्त कर्मचारी व बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

*सूरजपुर। लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावशील होने के बाद से संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर, बैनर एवं अन्य से संबंधित हटाने की कार्रवाई जारी है।

**न्यायल तहसीलदार लखनपुर जिला–सरगुजा छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**
लखनपुर, दिनॉक 19/03/2024

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम– ढोढ़ाकेसरा
तहसील–लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रविनाथ आ. टुन्नू राम निवासी ग्राम ढोढ़ाकेसरा तहसील लखनपुर के द्वारा अपने (पिता) स्व. टुन्नू राम की मृत्यु दिनॉक 04/11/2013 को हो जाने से (जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म–मृत्यु रिज. नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत् मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनॉक 8/04/2024 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 08/04/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनॉक के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नायब तहसीलदार
तहसील–लखनपुर
जिला–सरगुजा (छ.ग.)

### होली त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक



**सूरजपुर।** होली, ईद व गुड फ्राइडे पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आज कोतवाली में प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर के नागरिक व जनप्रतिनिधि शामिल हुए और आवश्यक सुझाव भी दिए। साथ ही कहा गया कि इन त्योहारों पर किसी भी प्रकार का विवाद न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में थाना-चौकी प्रभारियों ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगा हुआ है जिसका पालन करते हुए होली पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए। होली में नशीले पदार्थ का सेवन न करें, किसी के ऊपर जबरन रंग न लगावें, ग्रीस एवं कांच युक्त रंगों का प्रयोग न करें, कोई भी अशोभनीय हरकत एवं शब्दों का प्रयोग न करें, यातायात नियमों का पालन करें, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न चलने, शराब का सेवन न करने, हुडदंग, शोर शराबा न करने, किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें, शहर/गांव में गाड़ियों में तेज आवाज में म्यूजिक चलाकर हुडदंग न करें एवं परिवर्तित दोपहिया वाहन साइलेंसर का प्रयोग न करें। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाए चल रही है साउंड सिस्टम का उपयोग बिना अनुमति के न किया जाए तथा अनुमति प्राप्त होने पर धीमे आवाज में बजाया जाए। बैठक में दुपहिया वाहन में तीन सवारी, तेज चलाने वाले बाइकर्स, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

TOP IN SURGUJA

शानदार 26 साल
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur Mob.- 9826183771, 9691620315
अधिकृत सेंटर AISECT TEPL Tally Education CSC ACADEMY
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA | PGDCA | BCA | BA | B.LIB MSW | PGDRD | MA | Tally MBA | MSC | MCOM | M.LIB

गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
सभी रोगों के विशेषज्ञ प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ रितेश गुप्ता
MBBS, MD (Medicine), CCE BDM (Diabetes) PG Diploma in Advance Diabetes Care (London) F Clinical ASSO Non Invasive Cardiology (Lilavati Hospital, Mumbai) PG Diploma Clinical Nephrology
हृदय, मधुमेह, किडनी, थायराइड रोग विशेषज्ञ सभी रोगों के विशेषज्ञ
24x7 इमरजेंसी सेवी भर्ती एवं आईसीयू ऑपरेशन
पंजीयन के लिए संपर्क करें गायत्री मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

VC INSTITUTE ADMISSION OPEN
M.A. (All Subject) M.A. छत्तीसगढ़ी
M.SC. (All Subject) M.COM, M.Lib, M.sc. Yoga
B.A., B.SC, B.com, B.Lib B.sc. Yoga, B.ped, PG Diploma in Yoga
नोट - सभी कोर्स के परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं
आकाशवाणी चौक, पुराने रोजगार कार्यालय के पीछे, अम्बिकापुर 7222980129

सरगुजा मार्केट

डॉ अनिल कुमार यादव एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर (छ.ग.) मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव त्रिपाठी एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES) दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक- 31 मार्च 2024, रविवार समय - सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें मो. 9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन-शुक्रवार डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेड़ापन, सिफलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध हैं
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
समय प्रात: 8 बजे से रात 8 बजे तक
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.) 6260666291, 7908772802

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुन: शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 31 मार्च 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल पेंडारी में हुआ न्योता भोज

**वाड्रफनगर।** विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पेंडारी स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यामिक शाला में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत न्योता भोज के तहत स्कूली बच्चों को पोषण युक्त भोजन प्रदान किया गया। भोज में बच्चों के साथ विकासखण्ड के अधिकारी, विद्यालय के शिक्षक तथा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने न्योता भोज का आनंद उठाया। न्योता भोज में बीईओ रोहित जायसवाल, एबीईओ मनीष कुमार हाई स्कूल के प्राचार्य अरूण जायसवाल, प्रधान पाठक विजय चौबे, सूरज देव यादव सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका शामिल हुए।

### सुरक्षा गार्ड ने जनरेटर के लोहा चोरी कर ले जा रहे पिकअप को पकड़ा

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से पुराना जनरेटर का लोहा चोरी कर ले जा रहे पिकअप वाहन को सुरक्षा गार्ड ने पकड़ पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बुधवार की शाम कुछ लोगों ने पिकअप क्रमांक यूपी 78 जीएन 0340 में सर्जिकल विभाग के समीप रखे पुराना जनरेटर का लोहा लोड कर ले जाने के फिराक में थे। इसी दौरान ड्यूटी में तैनात सुरक्षा गार्ड राज सारथी ने देखकर घटना की जानकारी अस्पताल के सहायक अधीक्षक डॉ. संटू बाघ को दी और मौके पर पहुंचा तो लोहा चोरी कर रहे चार लोग मौके से फरार हो गए। सुरक्षा गार्ड ने पिकअप को मणिपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घटना की रिपोर्ट अस्पताल के वार्ड ब्वाय ने मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### नशे में पत्नी से विवाद होने पर युवक फांसी पर लटका

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम करमपुर निवासी 25 वर्षीय युवक अनिल टोप्पो पिता बाल साय गुरुवार की रात शराब के नशे की हालत में घर के कमरे में फांसी लगा खुदकुशी कर ली है।सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।पुलिस ने बताया कि अनिल टोप्पो गुरुवार की शाम नशे की हालत में अपने घर पहुंचा और फिर पत्नी से विवाद करने लगा, हो हल्ला व हंगामा होने के बाद आसपास के लोग उसके घर पहुंचकर विवाद सुलझाने की समझाईश देकर लौट गये, बाद में विवाद बढ़ जाने के डर से उसकी पत्नी पड़ोसी के घर अपने बच्चों को साथ लेकर चली गई, कुछ समय बाद लौटी तो देखा कि अनिल साड़ी के सहारे फांसी लगाकर झूला हुआ है।रिपोर्ट पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम सलका अधिना निवासी संतोष गुप्ता आ. स्व. कैलाश गुप्ता (37 वर्ष) गत दिन किसी काम के सिलसिले में बाइक से ग्राम हरिपुर गया था। रात को वापस घर आने लगा और जैसे ही दतिमा पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को विश्रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## मूल्यांकन के लिए विभाग ने लगायी 200 शिक्षकों की ड्यूटी

# मल्टीपरपज स्कूल में आज से प्रारम्भ होगा बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के मल्टीपरपज हायर सेकेण्डरी स्कूल में शनिवार से 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। प्रथम दौर में मूल्यांकन के लिए माध्यामिक शिक्षा मण्डल द्वारा विभिन्न विषयों की 60 हजार उत्तर पुस्तिकाएं भेजी गई हैं। विभाग द्वारा बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने 200 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारम्भ किया जाएगा। प्रथम दौर में माध्यामिक शिक्षा मंडल द्वारा मूल्यांकन केन्द्र को विभिन्न विषयों की 60 हजार उत्तर पुस्तिका आवंटित की गई है। स्कूल के विभिन्न 15 कमरों को मूल्यांकन के लिए आरक्षित किया गया है। सभी कमरों में अलग-अलग विषयों की उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन किया जाएगा। प्रथम दिवस विषय विशेषज्ञों को गेट पास जारी किया जाएगा। शिक्षकों के मूल्यांकन केन्द्र में पहुंचने पर स्वागत अधिकारी उनके स्वागत उपरांत गेट पास पर अपना हस्ताक्षर कर पहुंचने का समय अंकित करेंगे। मूल्यांकन उपरांत बाहर निकलने के दौरान भी अपना हस्ताक्षर कर समय अंकित करेंगे। इस प्रक्रिया के बाद ही विषय विशेषज्ञों को भीतर जाने एवं बाहर निकलने का मौका मिलेगा। 10वीं बोर्ड की हिन्दी, अंग्रेजी, गणित आदि विषयों की उत्तर पुस्तिका की संख्या अत्याधिक होने के कारण अधिक संख्या में विषय विशेषज्ञों की सेवा ली जाएगी वहीं इतिहास, भूगोल आदि विषयों की उत्तरपुस्तिका की संख्या कम होने के कारण कम मूल्यांकनकर्ताओं की आवश्यकता पड़ेगी। मूल्यांकन कार्य पूरा होने के बाद अन्य औपचारिकताएं पूरी कर उत्तरपुस्तिका माध्यामिक शिक्षा मण्डल कार्यालय में भेजी जाएंगी।

**खास बात**

- पहले दौर में पहुंची विभिन्न विषयों की 60 हजार कॉपियां




**अधिकतम 40 के मूल्यांकन की पात्रता**

माध्यामिक शिक्षा मण्डल द्वारा मूल्यांकनकर्ताओं को प्रति उत्तर पुस्तिका की दर से पारिश्रमिक का भुगतान किया जाता है। 10वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिका के लिए प्रति उत्तर पुस्तिका 10 रूपए एवं 12वीं के लिए 11 रूपए निर्धारित किया गया है। मूल्यांकनकर्ताओं को अपनी क्षमता के अनुसार उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन करने की छूट है लेकिन कोई भी मूल्यांकनकर्ता 50 से अधिक उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं कर सकता है। गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन के लिए बोर्ड द्वारा यह सीमा निर्धारित की गई है। अधिकांश विषय विशेषज्ञ पूरे दिन में 20 से 30 उत्तर पुस्तिका का ही मूल्यांकन कर पाते हैं। मूल्यांकन के लिए किसी भी विषय का बंडल खुलने पर सभी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन पूरा होने के बाद ही कापियां जमा होती हैं। ऐसी स्थिति में मूल्यांकनकर्ताओं को अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करना पड़ता है। माध्यामिक शिक्षा मंडल द्वारा 14 अप्रैल के पूर्व सभी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन पूरा करने निर्देशित किया गया है। मंडल प्रथम दौर की उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन पूर्ण होने पर दूसरे दौर की उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजता है।

**त्यौहारों से पड़ेगा प्रभाव**

माच महीने में होली, एवं गुड फ्राइडे का त्यौहार मनाया जाएगा। 24 एवं 25 मार्च को होली मनाई जाएगी जबकि 29 मार्च को इसाई समुदाय गुड फ्राइडे का त्यौहार मनाएगा। त्यौहारों के कारण मूल्यांकन कार्य प्रभावित हो सकता है। मूल्यांकन कार्य अवकाश के दिन भी अनवरत जारी रहता है। त्यौहारों के दिन बेहद कम संख्या में मूल्यांकनकर्ता पहुंचते हैं।

**तैयारियां पूर्ण**

बोर्ड के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य शनिवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रारम्भ किया जाएगा। मूल्यांकन की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

-प्राचार्य एवं केन्द्राध्यक्ष
मल्टीपरपज हायर सेकेण्डरी स्कूल

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत महावीरपुर काली घाट मंदिर के पुजारी प्रशांत गोलदार पिता स्व. प्रफुल्ल गोलदार गत दिनों 20 मार्च की दोपहर में अपने स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 15 सीयू 6753 में पत्नी कालीदासी गोलदार के साथ घर से कालीघाट स्थित मंदिर जा रहा था। तभी बिश्रामपुर की तरफ से अंबिकापुर की ओर जा रहे नई सोल्ड टाटा मैजिक वाहन के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पिलखा ढाबा के समीप स्कूटी सवार पुजारी दंपत्ति को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में स्कूटी सवार दंपत्ति को चोटें आई हैं। दूसरी घटना में 21 मार्च की रात करीब पौने दस बजे ग्राम पंचायत तेलईकछार केनापारा निवासी श्याम सुन्दर यादव गांव के ही बालमुकुंद साहू के साथ भोजन उपरांत पर्यटन स्थल केनापारा की ओर पैदल टहलने जा रहे थे। तभी एनएच 43 पर अंबिकापुर की तरफ से सूरजपुर जा रहे सूरजपुर पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक रामकुमार पैकरा ने अपनी होंडा साइन बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएम 3749 को तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पैदल टहल रहे श्याम सुंदर यादव को पीछे से ठोकर मार दी। दुर्घटना में जहां एक ओर श्याम सुंदर यादव के दाएं पैर में दो जगह फ्रेक्चर हो गया वहीं दूसरी ओर आरक्षक रामकुमार पैकरा को भी गंभीर चोटे आई है। तीसरी घटना में गत दिनों 18 मार्च को ग्राम केनापारा निवासी जनपद पंचायत सूरजपुर में पदस्थ पंचायत सचिव कृष्णा सोनी शाम करीब साढ़े छह बजे घर के समीप किशन जनरल स्टोर के पास टहलते हुए पैदल जा रहा था। तभी अंबिकापुर की तरफ जा रहे अज्ञात वाहन चालक ने पंचायत सचिव को पीछे से टक्कर मार दी है। दुर्घटना में पंचायत सचिव कृष्णा सोनी के सिर, बाएं पैर, सीने में गंभीर चोट आई है, जिसे उपचार हेतु रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### आबकारी विभाग ने 8 लीटर शराब के साथ महिला को पकड़ा

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास एवं आबकारी आयुक्त सुश्री आर. संगीता के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी उप निरीक्षक द्वारा आबकारी अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत अवैध प्रकरण के विरूद्ध और लोकसभा निर्वाचन आदर्श आचार संहिता के तहत कुल 8 लीटर महुआ शराब के साथ महिला को गिरफ्तार किया। आबकारी टीम ने महिला के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।



## राष्ट्रीय उद्यान से कर रहे थे लकड़ी की तस्करी, दो धराए



**बिहारपुर।** गुरू घासीदास नेशनल पार्क अंतर्गत रिहन्द परिक्षेत्र से लकड़ी काटकर तस्करी करने वाले दो तस्करों को वन अमले ने पकड़ा है। तस्करों से 10 नग कंडी, 2 मयार व 2 सिल्ली बरामद काष्ठ की कीमत 9 हजार रूपए आंकी गई है। सुबह चौकीदार ग्राम खोहिर के सीमावर्ती जंकल की निगरानी कर रहे थे। इस दौरान एक जगह अवैध कंडी व मयार पड़ा देख चौकीदारों ने वनअधिकारी को सूचना दी। सूचना पर डिप्टी रेंजर सूर्यभान सिंह वनकर्मियों के साथ पहुंचे तो ग्राम खोहिर निवासी देवपति आ.देव नारायण सिंह (23वर्ष) व अमसिंह आ.बाल सुग्रीव (32वर्ष) अवैध लकड़ी का परिवहन करते मिले। वन अमले ने अवैध कंडी, मयार व सिल्ली जब्त कर दोनों आरोपियों को पकड़ा है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के युवा अभ्यारण्य क्षेत्र के पेड़ों को काटकर सिल्ली बनाते हैं तथा एमपी के तस्करों को बेच देते हैं।



## पिक अप वाहन में भरकर बूचड़खाना ले जाए जा रहे 10 गौवंश को ग्रामीणों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- अंधेरा का फायदा उठाकर 4 गौ तस्कर हुए फरार
- गुरूवार की रात को रामनगर गांव के पास की है घटना
- सूचना पर बिश्रामपुर व करंजी पुलिस मौके पर पहुंची

क्षेत्र में इन दिनों गौ तस्करी मामले लगातार बढ़ रहे हैं।गौ तस्करों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही न होने से लोगों में नाराजगी व्याप्त है। रामनगर डबरीपारा में ग्रामीणों की जागरूकता से 10 गौ वंश को पकड़ लिया लेकिन तस्कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल हो गए हैं। पुलिस द्वारा गौ तस्करों के खिलाफ उचित कार्यवाही न किए जाने से उनकी कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्राम पंचायत रामनगर डबरीपारा में गुरुवार की रात 11 बजे चार गौ तस्करों द्वारा 10 गौवंश को पिकअप वाहन में भरकर बूचड़खाना ले जाया जा रहा था।इस दौरान मामले की भनक लगने पर गांव के जागरूक लोगों द्वारा तस्करों को पकड़ने घेराबंदी की गई लेकिन अंधेरे का फायदा उठाते हुए तस्कर भागने में सफल हो गए, यहां पर ग्रामीणों द्वारा बूचड़खाना ले जाये जा रहे चार बैल व छह बछिया को पकड़ लिया। यहां पर शुक्रवार को कार्यवाही करने बिश्रामपुर व करंजी पुलिस मौके पर पहुंची थी। कार्यवाही के नाम पर कोरमपूर्ति करके गौ वंश को ग्रामीणों के सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता, रामनगर गांव के गोविंद राजवाड़े, जय किशन, धर्म जीत, बालगोविंद, पृथ्वी, अर्जुन, राजेश, विजेंद्र व अन्य सक्रिय रहे।

## तुलसी साहित्य समिति ने की होली पर काव्यगोष्ठी




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में होली पर वरिष्ठ व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय, पं.रामनारायण शर्मा, आशा पाण्डेयअ और पूर्व एडीआईएस ब्रम्हाशंकर सिंह के आतिथ्य में काव्य गोष्ठी की। गोष्ठी में पं.रामनारायण शर्मा ने स्वतंत्रता सेनानी सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू को याद किया और कहा कि इन्होंने दमनकारी अंग्रेजों से देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर भारतीय स्वाभिमान को जागृत किया और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत बने। पूत के पांव पालने में नजर आते है। केवल बारह साल के भगत सिंह ने 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियावालाबाग में अंग्रेजों द्वारा किए गए भयानक नरसंहार से प्रेरणा ली और वहां की रक्तरंजित मिट्टी को शीशी में भरकर घर ले आए और कई दिनों तक उसे श्रद्धा-सुमन चढ़ाते रहे। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद, पं.रामप्रसाद बिस्मिल, सुखदेव, राजगुरू आदि क्रांतिकारियों के साथ मिलकर हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन नामक संगठन की स्थापना कर अनेक क्रांतिकारी आंदोलनों का सफल संचालन किया। माई रंग दे वसंती चोला गीत के माध्यम से उन्होंने अपनी सर्वोच्च बलिदानी भावनाओं व उत्कट देशप्रेम को उजागर किया था। गोष्ठी में गीतकार कृष्णकांत पाठक, उमाकांत पाण्डेय, मुकुंदलाल साहू, शायर-ए-शहर यादव विकास, ब्रम्हाशंकर सिंह, माधुरी जायसवाल, अजय श्रीवास्तव, अभिनय चतुर्वेदी, कवि राजेन्द राज, अर्पण एक्का, रामलाल विश्वकर्मा ने होली पर अपनी रचनाएं सुनाई। कार्यक्रम का संचालन संस्था की उपाध्यक्ष आशा पाण्डेय और आभार अजय श्रीवास्तव ने जताया। इस दौरान मनीलाल गुप्ता, लीला यादव, प्रमोद आदि उपस्थित रहे।

### चोरों ने दो वाहनों से पार किया बैटरी

**अम्बिकापुर।** लुचकी घाट के समीप कैम्प में खड़े दो वाहनों से 25 हजार कीमत का 4 बैटरी पार कर दिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार शहर के लुचकी घाट के समीप रोड व पुलिया निर्माण का काम चल रहा है। निर्माण कार्य करा रहे कंपनी का वाहन कैम्प में ही खड़ा था। इसी दौरान देर रात चोरों ने ट्रक क्रमांक एमपी 48 एच 0973 एवं एक्सावेटर वाहन में लगे कुछ चार बैटरी को बार कर दिया। घटना की रिपोर्ट कंपनी के इंजीनियर आशीष द्विवेदी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।






## बस्तामुक्त विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं विदाई कार्यक्रम का आयोजन

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में वार्षिक उत्सव सह विदाई समारोह का आयोजन संकुल प्रभारी व प्राचार्य रामनगर सुषमा बखला के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षता हर्ष नारायण शर्मा पूर्व संकुल प्रभारी व प्रधानपाठक कन्या माध्यमिक शाला जयनगर तथा विशिष्ट अतिथि हायर सेकेंडरी स्कूल रामनगर के व्याख्याता सुरेंद्र जायसवाल, अनुराधा झा, सुचिता टोप्पो, संध्या मिश्रा, रीना रोश कुजूर, पिंकू शर्मा, शैक्षिक समन्वयक विजेंद्रलाल जायसवाल, तिलेश्वरी राजवाड़े शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला कसकेला, एनवती राजवाड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वागत उद्बोधन में संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने कहा कि वर्ष 2015 से संस्था में समुदाय सहयोग पर आधारित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। बच्चों ने अपने नृत्य कार्यक्रम से उपस्थित जनमानस को मंत्रमुग्ध किया। दिव्यांग छात्रा किरण सारथी के नेतृत्व में प्रदर्शित नृत्य पर व्याख्याता सुरेंद्र जायसवाल द्वारा 500 रुपए नकद राशि प्रदान कर बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद कबड्डी में द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चों सहित खो-खो में प्रतिनिधित्व करने वाले बच्चों को प्रशस्तिपत्र, परीक्षा हेतु तख्ती, दो पेन-पेन्सिल, रबर-कटर से तथा जागरुक महिला श्रीमती शांति सिंह पति लालचंद सिंह को गमछा-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक अन्नुलाल राजवाड़े, कुमुदिनी एक्का, परमेश्वर, आरती स्व सहायता समूह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एम. टोप्पो, भुनेश्वरी राजवाड़े, मानमती जायसवाल सक्रिय रहे।

## पांच साल में नहीं बना आंबा केन्द्र, हितग्राही सुविधा से वंचित

**लखनपुर।** विकासखण्ड के सरहदी वनांचल ग्राम पंचायत ढांढकेसरा में पांच साल पूर्व 5.5 लाख की लागत से आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण प्रारम्भ किया गया था लेकिन बीच में ही निर्माण बंद करा दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार डांडकेसरा घुईडांड पारा में आंबा भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद लेआउट करा 1 लाख 49 हजार रूपए निकाल लिया गया। निर्माण के लिए सामग्री भी लाई गई थी लेकिन सरपंच-सचिव व इंजीनियर ने मौके पर पहुंचकर निर्माण को बंद करा दिया और सामग्री लेकर चले गए। इसके बाद निर्माण शुरू नहीं हो सका। अब दूसरी जगह संचालित आंबा केन्द्र में बच्चों को जाना पड़ रहा है। केन्द्र दूर होने के कारण बच्चे, शिशुवती व गर्भवती महिलाए वहां नहीं पहुंच पाते तथा शासन के लाभ से वंचित हो जाते है। इस संबंध में मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिंज ने बताया कि पुराना मामला है। फाइल खुलने पर ही कुछ कहा जा सकता है।









